
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UHIN/2012/43078 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

सीतापुर से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

सीतापुर, शुक्रवार , 03 अप्रैल 2026

वर्ष 14, अंक 341, पृष्ट 04, मूल्यः 01 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

जमीन कब्जे के विवाद में मारपीट, तीन घायल..03

उपेक्षा की राजनीति के खिलाफ युद्ध की घोषणा..04

## IPAC के ठिकानों पर ED की रेड, कोयला तस्करी मामले में जांच एजेंसी का एक्शन

प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने IPAC के ठिकानों पर रेड की है. ये छापेमारी पश्चिम बंगाल कोयला तस्करी मामले में हुई है. रेड हैदराबाद, बेंगलुरु और दिल्ली में हो रही है. बेंगलुरु में ऋषिराज सिंह के ठिकानों पर छापेमारी हुई है. बता दें कि ऋषिराज सिंह कंपनी के को-फाउंडर हैं।

IPAC पॉलिटिकल कंसल्टेंसी फर्म है. जांच एजेंसी ने इसी साल जनवरी में भी कोलकाता में IPAC के ठिकानों पर रेड की थी. रेड पर कंपनी ने बयान में कहा था कि प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने कोलकाता में IPACके दफ़्तर और हमारे डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर पर तलाशी ली. IPAC जैसे एक पेशेवर संगठन के लिए यह एक मुश्किल और दुर्भाग्यपूर्ण दिन था।

**क्या है कोयला घोटाला जिसके चलते IPACके दफ्तर पर ED ने की रेड?**

प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने वर्ष 2020 में दर्ज एक एफआईआर के आधार पर अवैध कोयला खनन मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA), 2002 के तहत जांच शुरू की. जांच में सामने आया कि ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ECL) के लीज़ क्षेत्र से अवैध तरीके से कोयले की खुदाई और चोरी की जा रही थी. यह सब आपराधिक तत्वों द्वारा ECL, CISF, भारतीय रेलवे और अन्य संबंधित विभागों के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से किया गया।

ED की जांच में यह भी सामने आया कि अनुप माजी इस पूरे सिंडिकेट का मास्टर माइंड था, जो ECL क्षेत्र में अवैध कोयला खनन और चोरी किए गए कोयले के परिवहन का काम कर रहा था. अनुप माजी सरकारी कर्मचारियों की मिलीभगत से ECL के लीज़ क्षेत्र से कोयले की हेराफेरी कर रहा था।

जांच में यह भी पाया गया कि अनुप माजी के खिलाफ वर्ष 2000 से 2015 के बीच अवैध कोयला खुदाई और चोरी से जुड़े 16 मामले (एफआईआर) दर्ज हुए थे, जिनमें चार्जशीट भी दाखिल की गई थी. इसके बावजूद, उसके प्रभाव और संरक्षण के चलते स्थानीय पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई. हालांकि, वर्ष 2020 में CBI ने कोयला चोरी और तस्करी के मामले में एक नया केस दर्ज किया, जिसके बाद जांच को आगे बढ़ाया गया।

ED की जांच में यह भी खुलासा हुआ कि अनुप माजी ने अलग-अलग कंपनियों को भेजे गए चोरी के कोयले का हिसाब रखने के लिए कर्मचारियों को तैनात कर रखा था. जांच के दौरान सामने आया कि ECL के लीज़ क्षेत्र




से अवैध खनन और चोरी के जरिए करीब 2,742.32 करोड़ (टैक्स और रॉयल्टी सहित) के कोयले की हेराफेरी की गई।

इसके अलावा, ED ने जनवरी से अप्रैल 2021 के बीच PMLA की धारा 17 के तहत 46 ठिकानों पर तलाशी और जब्ती की कार्रवाई की. इन छापों के दौरान यह सामने आया कि अनुप माजी का अकाउंटेंट अवैध कोयला खनन से अर्जित अपराध की कमाई का पूरा रिकॉर्ड रखता था. श्वष्ठ ने यह भी बताया कि गुरुपदा माजी ने वर्ष 2017 से 2020 के दौरान अनुप माजी के सहयोगियों के माध्यम से 89.11 करोड़ की अपराध से अर्जित राशि (POC) पहुंचाई, जबकि जयदेव मंडल ने इसी अवधि में 58.05 करोड़ की POC पहुंचाई।

ईडी की जांच में यह भी पता चला कि इस अवैध कोयले का बड़ा हिस्सा शकंभरी ग्रुप ऑफ कंपनियों को बेचा गया. इसके साथ ही मामले में हवाला नेटवर्क से जुड़े अहम सुराग भी मिले हैं. कई लोगों के बयानों और अन्य सबूतों से हवाला लेन-देन की पुष्टि हुई है. जांच में यह सामने आया कि कोयला तस्करी से हासिल काले धन को सफेद करने के लिए एक हवाला ऑपरेटर के जरिए करोड़ों रुपये के लेन-देन किए गए, जिनका संबंध इंडियन पैक कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड (IPAC) से बताया जा रहा है. IPAC भी उन संस्थाओं में शामिल है, जिनका नाम हवाला मनी से जुड़कर सामने आया है.

**रेड पर कंपनी ने क्या कहा था?**

कंपनी ने कहा कि हमारा मानना ??है कि इससे गंभीर चिंताएं पैदा होती हैं और एक परेशान करने वाली मिसाल कायम होती है. इसके बावजूद, हमने पूरा सहयोग दिया है और ज़रूरत पड़ने पर आगे भी ऐसा करते रहेंगे. हम कानून का पूरी तरह से पालन और सम्मान करते हुए इस प्रक्रिया में शामिल रहेंगे.

I-PAC ने अलग-अलग विचारधाराओं और क्षेत्रों की कई राजनीतिक पार्टियों के साथ पेशेवर सलाहकार के तौर पर काम किया है, जिनमें भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस, द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम, ङ्क्षस्क्र कांग्रेस पार्टी, तेलंगाना राष्ट्र समिति (अब BRS), जनता दल (यूनाइटेड), शिवसेना और अन्य पार्टियां शामिल हैं।

**ED ने क्या कहा था?**

तब ईडी की रेड पर काफी सियासी बवाल हुआ था. ED ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने छापेमारी के दौरान दखल दिया, पुलिस की मदद से डिजिटल डिवाइस और अहम दस्तावेज़ हटा दिए और अधिकारियों को बिना कुछ ज़ब्त किए ही तलाशी रोकने के लिए मजबूर किया।

एजेंसी ने यह भी दावा किया कि कथित कोयला चोरी से मिले लगभग 20 करोड़ रुपये के हवाला फंड IPAC को भेजे गए थे और उसने अदालत से सुरक्षा की मांग की है, जिसमें ज़ब्त किए गए डेटा के साथ छेड़छाड़ से बचाव और उसके अधिकारियों के खिलाफ दर्ज FIR से राहत शामिल है।

## ब्लड स्टोरेज और टेस्टिंग में मिलीं गड़बड़ियां, आगरा में स्वास्थ्य विभाग ने पांच चैरिटेबल बैंकों पर लगाई रोक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

औषधि विभाग की 12 सदस्यीय टीमों ने जिले की 21 ब्लड बैंकों की जांच की। खून के भंडारण, टेस्टिंग, रक्तदान और मरीजों के तीमारदारों से खून लेने और मरीजों के लिए खून देने के अभिलेखों में अनियमितता मिलने पर बुधवार को पांच चैरिटेबल ब्लड बैंक पर रोक लगा दी है। इन ब्लड बैंक से खून संचालन संबंधी कोई भी कार्य नहीं हो सकेगा। सहायक औषधि आयुक्त अतुल उपाध्याय ने बताया कि 29 और 30 मार्च को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) मुख्यालय से भेजी गई 12 सदस्यीय औषधि विभाग की टीम ने शहर और देहात की 21 ब्लड बैंकों की जांच की। टीम ने जांच के दौरान ब्लड बैंक में खून के साथ ही उसके अवयव प्लाज्मा, प्लेटलेट्स के अनिवार्य तापमान पर भंडारण (दो से छह डिग्री सेल्सियस), मानकों के तहत रक्तदान से मिले खून की एचआइवी, हेपेटाइटिस सहित अन्य जांच, तकनीकी स्टाफ की उपलब्धता, उपकरण संचालन की जांच की गई।

टीम ने ब्लड बैंक से अभिलेख भी लिए, इन अभिलेखों का सत्यापन किया गया। इसमें अनियमितता मिलने पर आगरा चैरिटेबल ब्लड बैंक, नेहरू नगर, जय हिंद चैरिटेबल ब्लड बैंक, सिकंदरा, लाइफ लाइन चैरिटेबल ब्लड बैंक, दिल्ली गेट, श्री बालाजी चैरिटेबल ब्लड सेंटर आगरा पर



प्रतिबंध लगाया गया है। इनके अलावा श्री जगदंबा चैरिटेबल ब्लड बैंक, ट्रांस यमुना कालोनी के खून संचालन संबंधी सभी कार्यों पर रोक लगा दी गई है। इसके साथ ही ब्लड बैंक में मिली कमियों के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

**तीन से पांच हजार सिक्योरिटी मनी जमा करा कर दे देते हैं खून**

ब्लड बैंक में रक्तदान से मिलने वाले खून को ऐसे मरीजों के लिए दिया जाना चाहिए जिनके पास रक्तदान करने वाला कोई व्यक्ति नहीं है। मगर, ब्लड बैंक द्वारा जिनके पास रक्तदान करने के लिए कोई व्यक्ति नहीं होता है उनसे तीन से पांच हजार रुपये सिक्योरिटी मनी के नाम पर लेकर खून दे देते हैं। इनसे कहा जाता है कि वे किसी व्यक्ति का रक्तदान करा देंगे तो सिक्योरिटी मनी वापस कर दी जाएगी। अधिकांश लोग खून लेने के बाद रक्तदान करने के लिए नहीं आते हैं, सिक्योरिटी मनी ब्लड बैंक के पास रहती है। ब्लड बैंक सिक्योरिटी मनी का अभिलेखों में उल्लेख भी नहीं करते हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### ईडी की याचिका पर हाई कोर्ट का सख्त रुख, केजरीवाल-सिसोदिया को जवाब दाखिल करने का आखिरी मौका

दिल्ली आबकारी नीति मामले में ईडी की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और अन्य को जवाब दाखिल करने के लिए आखिरी मौका दिया है. ईडी ने इन सभी को आरोपमुक्त करने के निचली अदालत के फैसले में जांच एजेंसियों के खिलाफ टिप्पणी को हटाने के लिए दिल्ली हाई कोर्ट का रुख किया है. जस्टिस स्वर्णकांत शर्मा ने कहा, अगर अब भी जवाब दाखिल नहीं हुए तो ये सभी पक्षकार जवाब दाखिल करने का अपना अधिकार खो देंगे।

इस मामले में बीते दिन अदालत ने समन से जुड़े मामलों में बरी किए जाने के खिलाफ ईडी की याचिका पर केजरीवाल को नोटिस जारी किया. हाई कोर्ट ने बुधवार को केजरीवाल से ईडी की उस याचिका पर उनका पक्ष जानना चाहा था जिसमें आबकारी नीति मामले में समन जारी होने के बाद भी जांच एजेंसी के सामने पेश ना होने के कारण उनके खिलाफ दर्ज 2 अलग-अलग मामलों में उन्हें बरी किए जाने को चुनौती दी गई है।

**29 अप्रैल को होगी सुनवाई**

कोर्ट ने निचली अदालत के आदेशों के खिलाफ ईडी द्वारा दायर याचिकाओं पर केजरीवाल को नोटिस जारी किया और सुनवाई 29 अप्रैल के लिए तय की. कोर्ट ने कहा, प्रतिवादी ने पहले से सूचना मिलने के बाद भी पेश ना होने का विकल्प चुना. इसको देखते हुए नया नोटिस जारी किया जाए और 29 अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करें।

**ईडी ने आरोप ये लगाया**

उधर, निचली अदालत में ईडी ने कहा, अरविंद केजरीवाल ने समन पर जानबूझकर अमल नहीं किया और जांच में शामिल नहीं हुए. इतना ही नहीं केजरीवाल ने बेबुनियाद आपत्तियां उठाई. जानबूझकर ऐसी दलीलें दीं जिससे उन्हें जांच में शामिल ना होना पड़े. इससे पहले निचली अदालत ने कहा था कि ईडी यह साबित करने में विफल रही कि अरविंद केजरीवाल ने जानबूझकर जारी हुए समन का उल्लंघन किया।

**'अन्य आरोपी केजरीवाल के संपर्क में थे'**

ईडी का कहना है कि मामले के अन्य आरोपी दिल्ली के पूर्व सीएम केजरीवाल के संपर्क में थे. उन्होंने रद्द की जा चुकी आबकारी नीति को तैयार करने में मदद की थी. इसके बदले उन्हें अनुचित लाभ मिला. फिलहाल मनी लॉन्ड्रिंग मामले में केजरीवाल अंतरिम जमानत पर हैं।

## ओवरटेकिंग को लेकर हुआ विवाद... देहरादून में रिटायर्ड ब्रिगेडियर की गोली लगने से मौत, मॉर्निंग वॉक के दौरान हुई फायरिंग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

उत्तराखंड की राजधानी देहरादून से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. सोमवार सुबह राजपुर इलाके में ओवरटेकिंग को लेकर दो गाड़ियों के ड्राइवर में विवाद हुआ. इसी बीच, फायरिंग भी की गई. इस दौरान मॉर्निंग वॉक पर निकले एक रिटायर्ड ब्रिगेडियर को गोली लग गई, जिससे उनकी मौत हो गई. यह घटना सुबह लगभग सात बजे कैंटोनमेंट क्षेत्र के पास हुई. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना की शुरुआत दो गाड़ियों के बीच ओवरटेकिंग को लेकर हुए मामूली विवाद से हुई थी. दोनों गाड़ियों के ड्राइवर एक-दूसरे से आगे निकलने की कोशिश कर रहे थे, इसी दौरान कहासुनी बढ़ गई और मामला अचानक हिंसक रूप ले बैठा. एसपी ने बताया कि विवाद इतना बढ़ गया कि एक गाड़ी में सवार



लोगों ने दूसरी गाड़ी पर फायरिंग कर दी. इसी दौरान मॉर्निंग वॉक कर रहे रिटायर्ड ब्रिगेडियर को गोली लग गई. उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

**शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे इलाके को घेरकर जांच शुरू कर दी. शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और आरोपियों की पहचान करने के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

**आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस**

मामले की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से अहम सबूत जुटाए हैं. पुलिस की कई टीमें शहर के अलग-अलग हिस्सों में आरोपियों की तलाश में जुटी हुई हैं. अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा. इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है. लोगों का कहना है कि शहर में सड़क पर होने वाली आपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जो चिंता का विषय है. एक स्थानीय निवासी ने बताया कि सुबह-सुबह ऐसी घटना होना बेहद भयावह है और इससे लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ी है. फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि फायरिंग करने वाले कौन थे और उनके बीच विवाद की असली वजह क्या थी।

## रामनवमी पर गुमला गया था परिवार, रांची में चोरों ने घर को बनाया निशाना, 15 लाख का सामान गायब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

झारखंड की राजधानी रांची में इन दिनों अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ता नजर आ रहा है. अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि वे पुलिस प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था को खुली चुनौती देते हुए लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे हैं. कहीं दिनदहाड़े हत्या की घटनाएं सामने आ रही हैं, तो कहीं हथियार के बल पर लूटपाट हो रही है. इसी कड़ी में अब एक बड़ी चोरी की घटना ने पुलिस की गश्ती व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

ताजा मामला रांची के पंडरा ओपी थाना क्षेत्र के हेसल देवी मंडप रोड स्थित वेस्ट सरोवर नगर का है, जहां अपराधियों ने एक बंद घर को निशाना बनाकर 15 लाख रुपये से अधिक की चोरी को अंजाम दिया. बताया जा रहा है कि सुजीत कुमार नामक व्यक्ति अपने पूरे परिवार के साथ रामनवमी के अवसर पर गुमला जिले स्थित अपने पैतृक गांव गए हुए थे. इसी दौरान चोरों ने सुनियोजित तरीके से उनके घर को निशाना बनाया।

**घर के चार मजबूत ताले तोड़े**

चोरों ने घर के चार मजबूत ताले तोड़कर अंदर प्रवेश किया और फिर एक-एक कर चार अलमारियों व लॉकर को तोड़ डाला. इन लॉकरों में रखे सोने



के चैन, हार, अंगूठी समेत अन्य कीमती आभूषण, जिनकी कीमत करीब 15 लाख रुपये बताई जा रही है, पर हाथ साफ कर दिया. इसके अलावा घर में रखे लगभग 60 हजार रुपये नकद भी चुरा लिए गए. पूरी वारदात बेहद शातिराना तरीके से अंजाम दी गई, जिससे साफ है कि अपराधियों ने पहले घर की रेकी की थी।

**खंगाले जा रहे सीसीटीवी फुटेज**

घटना का खुलासा तब हुआ जब पड़ोसियों ने घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा देखा और इसकी सूचना सुजीत कुमार को दी. सूचना मिलते ही परिवार गुमला से रांची लौटा और घर की हालत देखकर सन्न रह गया. मामले की जानकारी मिलते ही कोतवाली डीएसपी और पंडरा ओपी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल की जांच कराई और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी।

प्रारंभिक जांच में सीसीटीवी फुटेज में तीन संदिग्धों की तस्वीरें सामने आई हैं. पुलिस उनकी पहचान करने और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है. बताया जा रहा है कि चोरी की यह वारदात उस रात हुई जब रांची में तेज आंधी और बारिश हो रही थी, जिसका फायदा उठाकर अपराधियों ने अपने मंसूबों को अंजाम दिया।

गौरतलब है कि इससे पहले भी बीते एक सप्ताह में बाइक सवार अपराधियों ने शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में स्थित चार पेट्रोल पंपों को निशाना बनाया था. पुनदाग ओपी क्षेत्र में एक पेट्रोल पंप से 59 हजार रुपये की लूट की गई थी. इसके महज 24 घंटे के भीतर बीआईटी, ओरमांझी और टाटीसिलवे थाना क्षेत्रों के पेट्रोल पंपों से भी करीब ढाई लाख रुपये लूट लिए गए थे।

## घर में नमाज पढ़ने से जुड़ी याचिका, HC ने कहा- चालान वापस ले पुलिस; याचिकाकर्ता का भीड़ नहीं जुटाने का वादा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कल बुधवार को नमाज से जुड़े एक मामले का निपटारा कर दिया. बरेली के रहने वाले एक शख्स की ओर से अपने घर में नमाज अदा करने की अनुमति नहीं दिए जाने को लेकर याचिका लगाई गई थी जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया. कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि नमाज के नाम पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुटाना सही नहीं है. इस पर याचिकाकर्ता ने भी वादा किया कि विवादित स्थल पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ नहीं जुटाई जाएगी. साथ ही हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के अधिकारियों को याचिकाकर्ता तारिक खान और अन्य लोगों के खिलाफ 16 जनवरी, 2026 को जारी किए गए पुलिस चालान को तत्काल वापस लेने का निर्देश भी दिया. तारिक के रिश्तेदार हसन खान की संपत्ति पर नमाज अदा की जा रही थी, जिसके लिए पुलिस ने चालान काट दिया था।

**कोर्ट ने अवमानना नोटिस किया रद्द**

जस्टिस सरल श्रीवास्तव और जस्टिस गरिमा प्रसाद की बेंच ने 25 मार्च को दिए अपने आदेश में कहा, 'अगर याचिकाकर्ता अपने वादे का उल्लंघन करता है, उसकी संपत्ति पर नमाज अदा करने के लिए बड़ी



संख्या में लोगों को जुटाता है और इस वजह से क्षेत्र में शांति व्यवस्था पर असर पड़ता है, तो अधिकारी कानून के अनुसार कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र हैं.' साथ ही कोर्ट ने बरेली के जिला मजिस्ट्रेट और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (SSP) को जारी अवमानना नोटिस भी रद्द कर दिया. दोनों अधिकारी पिछले महीने 25 मार्च को पूर्व आदेश के अनुपालन में हाईकोर्ट के समक्ष पेश हुए और अपने हलफनामे दाखिल किए।

**वादा तोड़े को कार्रवाई करे प्रशासनः HC**

इससे पहले हाईकोर्ट ने 11 मार्च के अपने निर्देश के तहत हसीन खान को दी गई सुरक्षा तत्काल वापस लेने का निर्देश दिया था. हसीन ने अपनी याचिका की सुनवाई के दौरान कोर्ट से अनुरोध किया था कि उनके परिवार और संपत्ति की सुरक्षा की जाए. अतिरिक्त महाधिवक्ता अनूप त्रिवेदी ने सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया कि हसीन खान सुरक्षा का दुरुपयोग कर रहा है और उनकी संपत्ति पर रोजाना कम से कम 50 से 60 लोग नमाज अदा कर रहे हैं. उन्होंने इस दावे की पुष्टि के लिए हलफनामों के साथ लगाई गई संपत्ति की कई तस्वीरें भी रिकॉर्ड पर रखीं. उन्होंने आगे कहा कि अगर इस तरह की परंपरा आगे जारी रहने दी गई, तो यह क्षेत्र की शांति-सुव्यवस्था के लिए हानिकारक होगी. उन्होंने अपनी दलील में कहा कि अगर कानून-व्यवस्था में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की संभावना बनती है, तो राज्य अधिकारियों के पास कार्रवाई करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा।

**याचिकाकर्ता की सुरक्षा भी वापस**

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने इन दलीलों को ध्यान में रखते हुए याचिकाकर्ता के वकील के इस वादे को रिकॉर्ड पर ले लिया कि वे संपत्ति पर नमाज अदा करने के लिए बड़ी संख्या में लोगों को जुटने नहीं देंगे. बेंच ने यह भी कहा, हमें आशा और विश्वास है कि याचिकाकर्ता अपने वादे का पूरी तरह से पालन करेगा. साथ ही कोर्ट ने याचिकाकर्ता के वकील की इस दलील पर भी ध्यान दिया कि हसीन को अब किसी सुरक्षा की जरुरत नहीं रह गई, जिसका बाद कोर्ट ने राज्य अधिकारियों को याचिकाकर्ता को दी गई सुरक्षा वापस लेने का निर्देश दिया गया. इसके अलावा कोर्ट ने तारिक की ओर से दाखिल रिट याचिका रद्द कर दी।

## तीन बुलडोजर, 300 पुलिसकर्मी, ढाई घंटे में सरकारी जमीन पर बनी मस्जिद जमींदोज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** तीन बुलडोजर, तीन सौ पुलिसकर्मी और करीब ढाई घंटे में प्रशासन ने सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर बनाई गई मस्जिद को धराशायी कर दिया। बख्शी का तालाब तहसील के अस्ती गांव में सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से बनाई गई अवैध मस्जिद को उच्च न्यायालय के आदेश के बाद प्रशासन ने बुधवार देर रात जमीदोंज कर दिया।

कार्रवाई के दौरान कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच प्रशासन ने वहां आने जाने पर पाबंदी लगा दी थी। प्रशासन का कहना है कि करीब तीन दशक पहले अस्ती गांव में गाटा संख्या 648 खलिहान सुरक्षित भूमि पर अतिक्रमण कर मस्जिद खड़ी कर दी गई थी। इस मामले में बख्शी का तालाब तहसीलदार कोर्ट ने बेदखली का आदेश दिया जिसे एडीएम न्यायिक कोर्ट ने भी कायम रखा और हाई कोर्ट ने भी वैध मानते हुए अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया।



सुरक्षित जमीन पर मस्जिद का निर्माण करने पर बीकेटी तहसीलदार कोर्ट ने 28 फरवरी 2025 को बेदखली के आदेश के साथ 36 हजार रुपये का जुर्माना लगाया था। इस आदेश के खिलाफ मुस्लिम पक्षकार मुहम्मद शाहबान व अन्य ने अपर जिलाधिकारी न्यायिक की कोर्ट में अपील की थी।

सुनवाई के बाद 31 अक्टूबर 2025 को अपर जिलाधिकारी न्यायिक की कोर्ट ने भी पक्षकारों की अपील खारिज कर दी। बीकेटी तहसीलदार और एडीएम न्यायिक कोर्ट के फैसले को मस्जिद के पक्षकारों ने उच्च न्यायालय में चुनौती दी। 25 मार्च को याचिका पर सुनवाई करते हुए लखनऊ खंडपीठ ने बेदखली के आदेश पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया, हालांकि तहसीलदार कोर्ट द्वारा लगाए गए जुर्माने को माफ कर दिया था।

इसी आदेश के अनुपालन में तहसील प्रशासन द्वारा मस्जिद बनाने वाले पक्षकार को नोटिस दी गई। जिसके बाद प्रशासन ने बुधवार को अस्ती गांव में खलिहान की भूमि पर बनी मस्जिद हटाने की तैयारी शुरू कर की। शाम से ही गांव के चारों तरफ भारी संख्या में पुलिस और पीएसी बल की तैनात कर दी गई थी।

देर रात करीब करीब तीन बजे एडीएम वित्त एवं राजस्व राकेश कुमार सिंह, एसडीएम साहिल कुमार, एडीसीपी रिषभ रुण्वाल, एसीपी ज्ञानेंद्र सिंह और तहसीलदार शरद सिंह की मौजूदगी में तीन बुलडोजर ने अतिक्रमण हटाना शुरू किया। करीब ढाई घंटे तक चले आपरेशन के बाद प्रशासन ने अतिक्रमण को पूरी तरह ढहा दिया।

